जरिये ई मेल

कार्यालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर।

क्रमांक :– रीडर/2024/19 दिनांकः– 01/5/24

–:: आदेश ::–

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर के पत्र क्रमांक Reg-CPC/Ecourts/2016/599 Dated 09.06.2016 एवं माननीय जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर के कार्यालय आदेश स्था./2021/104 दिनांक 03.07.2021 के द्वारा धौलपुर न्याय क्षेत्र के मुख्यालय स्थित सैशन न्यायालय, विशेष न्यायालयों, अपर सेशन न्यायालयों, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं मजिस्ट्रेट स्तर के न्यायालयों के इंतजार नतीजा में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे मुलजिमान की विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से न्यायिक अभिरक्षा की अवधि बढाने के लिये सुश्री करूणा न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–2, धौलपुर को दिनांक 01.05.2024 से दिनांक 30.06.2024 तक कुल दो माह मई व जून के लिये समय सुबह 10.00 ए..एम. से 12.00 पी.एम. के लिये को अधिकृत किया जाता है।

सुश्री करूणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–2, धौलपुर की अनुपस्थिति में उक्त अवधि में किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में आकाश शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–तीन, धौलपुर के भी अनुपस्थित रहने की दशा मे उक्त कार्य हेतु व उनके अनुपस्थित रहने पर श्री आयुष गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर को और उनके भी अनुपस्थित रहने की दशा में उक्त कार्य हेतु श्री भीमसिंह मीणा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर को अधिकृत किया जाता है। उक्त सभी के किसी भी प्रकार के अवकाश अथवा अनुपस्थिति की सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर द्वारा उक्त कार्य संपादित किया जावेगा।

नोट :– सभी न्यायालयों के रीडर उन प्रकरणों का न्यायिक अभिरक्षा वारंट जिसमें नतीजा पेश नहीं हुआ है, को माह मई व जून में समय 12.00 पी.एम. तक वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में पहुँचाना तथा बाद कार्यवाही उक्त न्यायिक अभिरक्षा वारंटों को वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।

क्रमांक :– रीडर/2024/265 – 279 दिनांक :– 01/5/24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है :–

1. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, धौलपुर।
2. श्रीमान् न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, धौलपुर।
3. श्रीमान विशेष न्यायाधीश, पोक्सो केसेज, धौलपुर।
4. श्रीमान अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, धौलपुर।
5. श्रीमान् विशेष न्यायाधीश, डकैती प्रभावित क्षेत्र धौलपुर।
6. श्रीमान् विशिष्ठ न्यायाधीश, एस.सी./एस.टी. प्रकरण धौलपुर।
7. श्रीमान् मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर।
8. श्रीमान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर।
9. न्यायिक मजिस्ट्रेट, धौलपुर/न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या–1/2/3 धौलपुर।
10. अधीक्षक, जिला कारागृह, धौलपुर।
11. सर्वर रूम, धौलपुर
12. आदेश पत्रावली

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
धौलपुर।